भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2889

19 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

योग पार्क पहल

2889. डा अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आयुष मंत्रालय द्वारा योग पार्क पहल की शुरुआत की गई है जिसका उद्देश्य मौजूदा सार्वजनिक स्थानों को समर्पित कल्याण क्षेत्रों में बदलना है, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य और सचेत जीवन को बढ़ावा दिया जा सके;

(ख) क्या यह पहल शहरी स्थानीय निकायों, पंचायतों और योग संस्थानों के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है;

(ग) क्या योग पार्क पहल का समर्थन करने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से उद्योग जगत की भागीदारी को दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जा रहा है; और

(घ) क्या सीएसआर भागीदारों को योग पार्कों के बुनियादी ढांचे में सह-ब्रांडिंग के अवसर मिलेंगे ताकि वे अपने ब्रांड को राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंदोलन से जोड़ सकें और साथ ही सामुदायिक जुड़ाव को भी बढ़ा सकें ?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): जी हाँ, आयुष मंत्रालय ने शहरी स्थानीय निकायों, पंचायतों और योग संस्थानों के सहयोग से मौजूदा जन स्थानों को समर्पित स्वास्थ्य क्षेत्रों में बदलने, सामुदायिक स्वास्थ्य और जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग पार्क पहल शुरू की है। यह पहल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से उद्योग जगत की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करती है। सीएसआर साझेदारों को योग पार्क के अवसंरचना के भीतर सह-ब्रांडिंग के अवसरों का लाभ मिलेगा, जिससे उनके ब्रांड को राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंदोलन के साथ जोड़ा जा सकेगा और साथ ही सामुदायिक जुड़ाव को भी बढ़ावा मिलेगा।

*****